तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



4
महिला कृषकों को जैविक खेती कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण




## खबर संक्षेप

### रेलवे की नोटिस से माल गोदाम में मची अफरा तफरी

**राउरकेला।** माल गोदाम फाटक से लेकर माल गोदाम चौक तक के सड़क किनारे रेलवे भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप में रेलवे प्रशासन ने लगभग पांच दर्जन लोगों को नोटिस जारी किया है। रेलवे ने प्रभावित लोगों को अवैध कब्जा हटाने का अल्टीमेटम दिया है, जिसके तहत उन्हें सप्ताह भर में खाली करने का आदेश है।
रेलवे प्रशासन का कहना है कि साढ़े सात महीने पहले रेलवे साइडिंग से ट्रेन की बोगियां बस्ती में घुसने की घटना के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। नोटिस मिलने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और तनाव का माहौल बन गया है। इस कार्रवाई के विरोध में युवा नेता चंदन विश्वकर्मा, सीता राम दत्ता, संजय श्रीवास्तव और उनकी टीम ने रेलवे अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि दशकों से रहने वाले वाशिंदों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अवैध कब्जे की शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पांच फ़रवरी को रेलवे साइडिंग से अनियंत्रित ट्रेन के माल गोदाम बस्ती में घुस जाने के बाद सुरक्षा के नाम पर रेलवे द्वारा यह कदम उठाने की बात कही जा रही है। पांच दर्जन से अधिक के लोगों के नाम नोटिस जारी कर सप्ताह भर का अल्टीमेटम दिए जाने से क्षुब्ध लोगों ने रेलवे प्रशासन के समक्ष बात रखने एक टीम का गठन किया गया।

### सीईओ ने किया जनपद कार्यालय का निरीक्षण



**पुसौर।** बीते बुधवार को पुसौर जनपद कार्यालय का जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने अपने सहायक सीईओ निलाराम पटेल एवं महेश पटेल के साथ औचक निरीक्षण किया। जिसमें सभी शाखा प्रभारी के साथ ही सीईओ विवेक गोस्वामी भी मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक पीएम आवास शाखा, मनरेगा शाखा, एनआरएलएम शाखा, स्वच्छता मिशन के शाखा प्रभारी उपस्थित थे। इसी कड़ी में निर्माण कार्यो के विधायक एवं सांसद मद के शाखा प्रभारी राजेन्द्र चौधरी, जनपद निधि के गोरेलाल पटेल, आदर्श ग्राम मद के ऋशि पटेल, 15 वें वित्त के क्षीर सागर गुप्ता, स्वच्छभारत मिशन के उमाकांत साव सहित अन्य सहायक कर्मचारी मौजुद थे। उक्त बैठक 2 बजे से 4 बजे तक हुआ जिसमें जिला सीईओश्री पटारे ने बारी बारी से तलब करते हुए उनके कार्यो की प्रगति के संबंध में जानकारी लिया वहीं पैसा जारी होने के बाद भी जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए उसकी सूची तैयार करने की हिदायत दी। बताया जाता है कि इस अप्रारंभ हुए कार्यो के लिए जो जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ एसडीएम कोर्ट में आरआरसी दर्ज किया जाएगा और उन्हें पेसी में तलब किया जाकर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### श्री योग वेदांत सेवा समिति का दीपदान व गीता सत्संग

**राउरकेला।** श्री योग वेदांत सेवा समिति की ओर से राउरकेला निकट समरझोला ग्राम में दीपदान और गीता भागवत सत्संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समरझोला, रेलापोष और आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 200 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीपावली के अवसर पर समिति की ओर से ग्रामीणों को मिट्टी के दीपक, बाती, तेल और मिष्ठान वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के उपदेशकों ने उपस्थित जनों को दीपावली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को पौराणिक कथाओं के माध्यम से समझाया तथा सत्साहित्य का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि श्री योग वेदांत सेवा समिति प्रतिवर्ष राउरकेला और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन करती है।

### विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों का मंत्री ओपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ के गजमार पहाड़ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में जारी सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों का प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम उपस्थित रहे।





निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शासन की योजनाओं का केवल निर्माण तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन ही असली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनसामान्य को वास्तविक लाभ पहुंचाना है और इसके लिए योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर परिसर में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों से न केवल धार्मिक पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के एक नए केंद्र के रूप में भी विकसित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गजमार पहाड़ी रायगढ़ की शान है। यह स्थल शहर के बीच इतनी ऊँचाई और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक और आस्था का केंद्र गजमार पहाड़ी स्थित हनुमान धाम अब आधुनिक स्वरूप में इको पार्क और इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित होगा। बीते दिवस वित्त मंत्री चौधरी ने 08 करोड़ रुपए की लागत से यहां होने वाले विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया था। गजमार पहाड़ी मंदिर विकास योजना की जानकारी देते हुए डीएफओ अरविंद पीएम ने कहा कि विभागीय मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित योजना के तहत पहाड़ मंदिर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां श्रद्धालु एवं पर्यटक आसानी से ऊपर तक पहुंच सकें, इसके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिसके तहत स्वीकृत सीढ़ियों का विकास कार्य, अवेयरनेस एक्टिविटी के लिए ओपन प्लेटफार्म का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही वाच टॉवर, चिल्ड्रन एक्टिविटी एरिया, कैन्टीन, पैगोड़ा, पब्लिक वाशरुम, वाश एरिया निर्माण, यूटिलिटी एरिया, पार्किंग एवं प्रवेश स्थल का विकास कार्य, पाथ वे निर्माण एवं प्रवेश द्वार निर्माण कार्य हो रहा है। इन सभी सुविधाओं के विकसित हो जाने पर गजमार पहाड़ी न केवल धार्मिक स्थल के रूप में बल्कि पर्यटन और स्वास्थ्य गतिविधियों के दृष्टिकोण से भी एक आकर्षक गंतव्य बन जाएगा। मौके पर वन परिक्षेत्राधिकारी रायगढ़ हेमलाल जायसवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जंगली सूअर का मांस काटते हुए दो गिरफ्तार



**कटेली।** वन विभाग ने शिकारियों के ठिकानों पर छापामारा और मांस के साथ धरदबोचा बरमकेला वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान दो शिकारियों को जंगली सूअर का शिकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए दोनों आरोपी पठारीपाली गांव के हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात पठारीपाली गांव में सूअर का शिकार कर उसे घर लाए थे और उसे छोटे छोटे हिस्सों में काट बेचने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही वन विभाग अलर्ट हो गया और एक टीम बनाकर पठारीपाली में बताए लोकेशन पर जाकर घेराबंदी की गई। जहां दो व्यक्तियों को जंगली सूअर का शिकार कर घर मे मांस को काटते हुए पकड़ लिया गया। वहीं आरोपियों के पास से देशी हथियार, धारदार औजार, टॉर्च और शिकार में प्रयुक्त अन्य सामग्री भी जब्त किया गया है आगे पूछताछ में दोनों आरोपियों ने शिकार करने की बात स्वीकार की है। वन विभाग ने दोनों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बरमकेला वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में जंगली प्राणियों के शिकार की सूचनाएँ मिल रही थीं। टीम लगातार निगरानी में थी, जिसके बाद यह कार्रवाई संभव हो पाई। उन्होंने कहा कि जंगल और वन्यजीव हमारे पारिस्थितिक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं भी जंगल में संदिग्ध गतिविधि या शिकार की जानकारी मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि वन्यजीवों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बताया जा रहा की मामले में अन्य आरोपियों शामिल होने की बात कही जा रही है विभाग जांच कर रही की इसमें और भी आरोपी शामिल तो नहीं अगर ऐसा रहा तो आगे उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## घरघोड़ा हत्याकांड के आरोपी मामा-भतीजा गिरफ्तार



**घरघोड़ा।** बुधवार सुबह गांव में दंपती के रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। जांच में सामने आया कि हत्या मृतक के ही भतीजे और उसके रिश्ते के मामा ने की थी। पुरानी रंजिश और पैसों का विवाद। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कपाटडेरा भेण्ड्रा निवासी गुरबार सिंह राठिया 43 वर्ष और उनकी पत्नी मनिता राठिया 30 वर्ष के शव बुधवार सुबह उनके घर के बाहर खून से लथपथ मिले। यह दृश्य देखकर पूरे गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड ने भी मौके पर पहुँचकर घटनास्थल की बारीकी से जांच की। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लगभग 3-4 वर्ष पहले मृतक गुरबार सिंह ने भगलु के पिता के साथ मारपीट की थी, जिससे पुरानी रंजिश चल रही थी। इसके अलावा लगभग 2 वर्ष पहले 200 रुपए को लेकर भी विवाद हुआ था। मृतक को शक था कि उनके गुम हुए 6000 रुपए में से यह रकम ओमप्रकाश ने रख ली है और वापस नहीं किया। इन रंजिशों के चलते दोनों आरोपियों ने 21 अक्टूबर की रात वारदात की योजना बनाई। गुरबार सिंह के घर पहुंचे, जहां सबने साथ में खाना पीना किया। इसी दौरान पैसों को लेकर विवाद बढ़ा और मृतक ने आरोपियों को गाली दी। गुस्से में आकर दोनों ने डंडे, लात घूंसों से हमला कर दिया और दंपती को पीट पीटकर अधमरा कर दिया।

## शॉर्ट सर्किट से गोदाम में लगी भीषण आग

**खरसिया।** खरसिया के निखिल एजेंसी गोदाम में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घना धुआँ पूरे क्षेत्र में फैल गया। दुकानदारों ने अपने स्तर पर गोदाम से सामान निकालने की कोशिश की, लेकिन धुएँ की तीव्रता इतनी ज़्यादा थी कि सांस लेना भी मुश्किल हो गया।

- एसडीएम व एसडीओपी ने मौके पर पहुँचकर किया निरीक्षण



खरसिया चौकी को इसकी सूचना दी गई मौके पर आरक्षक मुकेश यादव पहुंचे एवं प्राथमिक राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही एसडीएम प्रवीण तिवारी और एसडीओपी प्रभात पटेल ने घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की और बचाव कार्यों की निगरानी की। आग पर काबू पाने के लिए नगरपालिका खरसिया की फायर ब्रिगेड के साथ-साथ रायगढ़ नगर सेना, जेएसडब्ल्यू की फायर यूनिट और बिजली विभाग की टीमों ने मिलकर संयुक्त रूप से राहत कार्य चलाया। थाना खरसिया की 112 टीम ने भी मौके पर पहुँचकर बचाव में सहयोग दिया। प्रशासन द्वारा नगरपालिका की जेसीबी मशीन लगाकर रोशनदान की दिशा से गड्ढे कर पानी डालकर आग को काबू में करने की कोशिश की गई परंतु घर की दीवार पर फर्क पड़ने से जेसीबी हटा दिया गया। आग से पूरे इलाके में धुआँ फैल गया था, जिसके बावजूद रायगढ़ नगर सेना प्रमुख इंचार्ज प्रमोद जोगी के नेतृत्व में छीनी हथौड़े से रोशनदान की दिशा से गड्ढे कर के स्वयं प्रमोद जोगी ने राहत कार्य किया एवं पानी अंदर डालने लगे जिससे धुंआ पर नियंत्रण पा लिया गया और आग बुझ गई इस प्रकार सभी विभागों के समन्वय से स्थिति पर नियंत्रण पाया गया।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, गोदाम में रखे लगभग 50 लाख मूल्य के सामान के जलने की संभावना है। गोदाम संचालक निखिल सिन्हा भारी नुकसान से गहरी परेशानी में दिखाई दिए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है, हालांकि सटीक कारणों की जांच की जा रही है और शॉर्ट सर्किट ही मुख्य वजह बताई गई।



## सवा दो करोड़ का गांजा पकड़ा गया, आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** सिमडेगा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी रांची जोनल यूनिट और सिमडेगा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की बड़ी खेप बरामद की है। गुप्त सूचना पर मंगलवार देर रात को कोलेबिरा के छगरीबांधा के पास साहू पेट्रोल पंप के समीप एक ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक के अंदर बने विशेष गुप्त केबिन से 84 पैकेटों में कुल 441 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत सवा दो करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से ट्रक चालक नसीम पिता कमरूदीन, ग्राम लफुरी, थाना पुनहाना, जिला नुहु, हरियाणा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही गांजा परिवहन में उपयोग किए गए ट्रक को जब्त कर लिया गया है। एनसीबी और सिमडेगा पुलिस अब इस अवैध तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों और स्त्रोतों का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी राज्य में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान की एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे तस्करी गिरोहों को तगड़ा झटका लगा है।

## तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौतः तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत रायगढ़ वनमंडल के तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौत के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वन मंत्री और प्रधान मुख्य वन संरक्षक मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक के वन्य अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति और सख्त निर्देशों के तहत की गई है। मुख्य वन संरक्षक सीसीएफ बिलासपुर मनोज पांडे और वनमंडलाधिकारी रायगढ़ अरविंद पीएम के मार्गदर्शन में टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया।

कार्रवाई का नेतृत्व उपवनमंडलाधिकारी घरघोड़ा मनमोहन मिश्रा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार द्वारा किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 और 51 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विधिक प्रक्रिया अपनाई गई। गिरफ्तार आरोपियों में केराखोल निवासी बसंत राठिया एवं वीर सिंह मांझी तथा औराईमुड़ा निवासी रामनाथ राठिया शामिल है। तीनों आरोपियों को न्यायालय, घरघोड़ा में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। वन विभाग द्वारा मामले की जांच अभी जारी है और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में सहयोग करें। यदि किसी को वन्यजीवों के शिकार या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी हो तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। आपकी जागरूकता ही वन्य जीवन की रक्षा का सबसे बड़ा साधन है।

### टिसीआई से पानपोष ब्रिज तक की बेरिकेटिंग गायब

**राउरकेला।** पूर्त आरएनबी विभाग द्वारा एनएचएआई से अधिग्रहित भूमि के किनारे लाखों की लागत से लगाई गई मेटल वॉल बेरिकेटिंग अब रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। ये बार्केटिंग टिसीआई चौक से लेकर पानपोष ब्रिज तक सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से लगाई गई थी, किंतु अब इन्हें निजी शोरूमों और संस्थानों के प्रवेश मार्ग के लिए हटा दिया गया है। विभाग की चुप्पी से स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। समाजसेवी डॉ. राजकुमार यादव ने पहले ही इस भूमि पर कब्जे को लेकर आपत्ति दर्ज की थी, जिसके बाद लंबी लड़ाई के पश्चात वह जमीन अब ओडिशा सरकार के खाते में दर्ज हो चुकी है और सड़क विस्तार का कार्य जारी है।

## रेल साइडिंग पर छापा: चोरी का लौह अयस्क जब्त

**राउरकेला।** बड़बील जोड़ा खनन क्षेत्र अंतर्गत बड़ेबिल रेल साइडिंग से भारी मात्रा में चोरी का लौह अयस्क जब्त किया गया है। ट्रेन वैगनों में लोड यह लौह अयस्क आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम विजाग भेजा जा रहा था। लेकिन कंपनी प्रबंधन इस संबंध में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

केन्दुझर जिले के जौड़ा खनन क्षेत्र के बड़ेबिल रेल साइडिंग से भारी मात्रा में चोरी का लौह अयस्क बरामद किया गया है। ट्रेनों में लदा यह अयस्क आंध्रप्रदेश के विजाग भेजा जा रहा था, लेकिन कंपनी के अधिकारी इस संबंध में कोई कागजात दिखा नहीं सके। खनन विभाग की राज्य स्तरीय स्क्वाड टीम ने आज सुबह छापा मारकर पूरे दिन तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान और भी भारी मात्रा में अवैध लौह अयस्क के ढेरों का पता चला। बड़बिल रेल साइडिंग से ट्रेनों द्वारा लौह अयस्क की खेप राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों में भेजी जाती है। इसी साइडिंग से विजाग के लिए लौह अयस्क परिवहन हेतु एक कंपनी द्वारा वैगन बुक किया गया था। मगर गुप्त सूचना मिलने पर कि यह कंपनी चोरी के अयस्क की खेप भेज रही है, खनन विभाग की विशेष स्क्वाड टीम ने आज सुबह



वहां छापा मारा। साइडिंग के अंदर लगभग 2,500 टन लौह अयस्क का ढेर पाया गया, जबकि साइडिंग के बाहर 4,000 टन अयस्क पड़ा था। इनमें से 960 टन के दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। हालांकि कंपनी के नाम पर वैगन बुक था, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारी यह साबित नहीं कर सके कि यह लौह अयस्क कहां से आया। अब इस अयस्क की उत्पत्ति की जांच चल रही है। बताया जाता है कि पिछले वर्षों में खनन घोटालों के दौरान शाह आयोग की जांच में विभिन्न स्थानों से जब्त लौह अयस्क यहां जमा किया गया था। वर्षों से पड़ा यह जब्त अयस्क अब चोरी छिपे बेचा जा रहा है। माना जा रहा है कि बड़बिल रेल साइडिंग में मिला यह अयस्क भी उसी जब्त सामग्री का हिस्सा हो सकता है।

### हेमगिर से लेकर इब नदी की की जलधाराएं सूख रहीं

# सुंदरगढ़ की नदियां खदानों और बांधों के जाल में फंसी

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ उपखंड की जीवनरेखा कही जाने वाली नदियाँ अब विनाश के कगार पर हैं। हेमगिर और लेफ्रिपाड़ा ब्लॉक की प्रमुख बसुंधरा नदी खदानों की भूख में लगभग समा चुकी है, जबकि चतुर्धारा और इच्छा नदी पर भी सूखे का साया गहराने लगा है।

कभी इन नदियों के जल से 30 से अधिक गाँवों की सिंचाई और पेयजल की आपूर्ति होती थी। बसुंधरा और चतुर्धारा मिलकर झारसुगुड़ा के राजपुर क्षेत्र में इब नदी में समाहित होती हैं, किंतु अब ये नदियाँ धीरे-धीरे मिटती जा रही हैं। अंधाधुंध रेत निष्कासन भी इसे काल के गाल में समाहित कर गयी व स्थानीय प्रशासन मुकदर्शक बनी रही। कनिका के पास बहने वाला कनिका



नाला एमसीएल रेल साइडिंग से फैले कोयले के ढेर में दब गया है। इच्छा नदी जो कभी गाँवों की जीवनधारा थी, अब 3 किलोमीटर तक सूख चुकी है। नदी तल में केवल पत्थर और खरपतवार शेष हैं। दूसरी ओर इब नदी जो तेलिजोर से भष्मा तक 70 किलोमीटर लंबी है, सुंदरगढ़ और आसपास के ब्लॉकों में सिंचाई और पेयजल का मुख्य स्त्रोत रही है। अब फरवरी तक इसका प्रवाह लगभग समाप्त हो जाता है। छत्तीसगढ़ ने इस नदी पर कई बाँध बनाकर जल का उपयोग बिजली उत्पादन और सिंचाई के लिए करना शुरू कर दिया है जिससे ओडिशा की निचली धारा सूखने लगी है। साल 2007 में बनी गुलु जलविद्युत परियोजना बेनेठार सिंचाई योजना और समडमाठा आनीकट ने नदी को ऊपरी प्रवाह में ही रोक दिया है। परिणामस्वरूप ओडिशा के गाँवों में सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं। स्थानीय लोगों की शिकायतें ओएसपीसीबी व एनजीटी के फाइलों के ढेर में दबकर दम घोंट चुकी। अब ओडिशा सरकार ने कॉपसिंहा और कुड़ाबगा में बाँध निर्माण शुरू किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ये परियोजनाएँ समय पर पूरी हुईं, तो वर्षा जल संरक्षण संभव होगा और नदियों की अकाल मृत्यु टल सकेगी।

### शराब बंदी को लेकर महिला समूहों ने भरा हुंकार

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के अंतिम ग्राम पंचायत टपरदा में बीते दिनांक को वहां के महिला समूहों ने शराब बंदी के खिलाफ हुंकार भरा। जिसमें गांव के गलियों में रैली निकाली वहीं नारे बाजे करते हुए गांव वालों को शपथ भी दिलाया।



जानकारी के मुताबिक इस समूचे कार्यक्रम के पीछे यहां के युवा सरपंच दिनेश जांगड़े एवं उनके पंचायत पदाधिकारीगण है जिनके प्रेरणा से महिला समूह एवं गांव के युवा गण आगे आकर गांव में नशामुक्ति अभियान चलाया है। ज्ञात हो कि टपरदा में पिछले कई वर्षो से यहां शराब निर्माण किया जाता रहा है। जिसमें युवा गणों में नशे की लत बढ़ती जा रही थी और जिसमें कई युवा गण बेमौत मरे भी ऐसे स्थिति में यहां के युवा सरपंच ने युवाओं के ऐसे दुर्गति को देखते हुए आगे आया और नशे के खिलाफ एक अभियान चलाया। इन्होंने प्रत्येक घर में जाकर निवेदन किया कि नशा से बच के रहे और निर्माण कर रहे हैं तो उसे स्थाई रूप से बंद कर दे। सरपंच के इस अपील से गांव वालों ने सहयोग किया और जिन्होंने भी महुआ और गुड आदि शराब बनाने के सामान रखे थे सभी को नष्ट कर दिया।

खबर संक्षेप



## कैबिनेट मंत्री ने किया अटल परिसर का लोकार्पण

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 में अटल परिसर एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री राजेश अग्रवाल रहे। उन्होंने सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया तथा अटल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अटल जी के विचार, उनकी नीतियां और देश के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल, ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद राकेश साहू, राकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सुरेंद्र साहू, विकास रामायण दुबे, शमीम खान, कामेश्वर राजवाड़े, महेश्वर राजवाड़े, शिवराज सिंह, सनी बंसल, सुरेश साहू, सचिन अग्रवाल, राकेश साहू, अमित बारी सहित अन्य मौजूद थे।

## दीपावली के अवसर पर स्कूल प्रांगण में जला एक दीया शिक्षा के नाम



**सीतापुर।** दीपावली अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार झा की पहल से इस वर्ष स्कूल प्रांगण में एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया गया। इस दौरान पूरे विकासखंड में शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने अपने निकटतम विद्यालय प्रांगण में जाकर एक दीया शिक्षा के नाम प्रज्वलित किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामवासी व अन्य विद्यार्थियों को भी एक दीया शिक्षा के नाम का जलाने को प्रेरित किया। जिला शिक्षाधिकारी का यह प्रयास तब सार्थक होता नजर आया जब विद्यालय के आस-पास निवासरत विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया। इसके अलावा विकासखण्ड के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भी अपने विद्यालय में एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया। जबकि जो विद्यालय से दूर निवासरत थे वो अपने निकटतम विद्यालय में जाकर बड़े उत्साह के साथ एक दीया शिक्षा के नाम का जलाया।

## माउंट लिट्रा जी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली उत्सव



**अम्बिकापुर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल दीपावली उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपमालाओं, रंगोलियों और सजावट से सुसज्जित था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वीर कुमार और कनक गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में राम, लक्ष्मण और सीता ने सभी का मन मोह लिया। छात्रा ऋतंभरा पांडेय ने भाषण देकर दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला। समूह भजन गीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों ने एक छोटा नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। उच्च वर्ग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 1 एवं 2 के नन्हे बच्चों ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। छात्रा आद्या गौतम ने दीपावली पर प्रेरक भाषण दिया। छठ पूजा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने सांस्कृतिक विविधता का सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक केपी दीक्षित एवं उत्तम सिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों को ज्ञान और सद्भाव फैलाने का प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या वर्षा अग्रवाल ने पूरे कार्यक्रम के संचालन में मार्गदर्शन प्रदान किया और बच्चों को सदाचार, सहयोग एवं सृजनशीलता के मूल्य अपनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान निधि टोप्पो, संध्या एक्का, रिया गुप्ता, सत्यम पोद्दार, गौरव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में दीपावली पर हुई प्रतियोगिता

**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल में दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तृतीय से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय द्वारा अनेकता में एकता, धरती माता की रक्षा, प्रकृति की सुंदरता, कला और संस्कृति, शांति और सद्भावना तथा उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा जैसे थीम निर्धारित किए गए थे। विद्यार्थियों ने अपनी नन्ही कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से आकर्षक एवं मनमोहक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबास्टियन तिग्गा ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, टीम भावना और सृजनशीलता का विकास करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर अमृत कुमार कुजूर, उप प्राचार्य अमोल कुमार मरकाम, प्रधानपाठिका सुश्री प्रभा टोप्पो तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं उपस्थित रहीं।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सभी वार्ड व जांच कक्ष को ऑनलाइन करने थी योजना

# जांच रिपोर्ट ऑनलाइन करने की योजना ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- उपकरण लगने के दो साल भर बाद भी शुरू नहीं हो सकी ऑनलाइन रिपोर्ट की सुविधा
- मरीज समेत परिजन की बढ़ी परेशानी, पुराने ढर्रे में हो रहा संचालन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों व परिजन को राहत देने अस्पताल प्रबंधन द्वारा दो साल पूर्व सभी वार्ड व जांच कक्ष को ऑनलाइन जोड़ने की न सिर्फ योजना बनाई बल्कि कई वार्ड व जांच कक्ष में उपकरण लगाए गए। हैरानी की बात यह है कि उपकरण लगाए दो साल से अधिक हो गए बावजूद इसके आज तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑन लाइन रिपोर्ट की व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी। ऐसे में मरीज समेत परिजन को ऑनलाइन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और पुराने ढर्रे में ही विभिन्न जांच की व्यवस्था संचालित है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले के अलावा अन्य जिलों से बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल उपचार कराने पहुंचते है और परिजन ओपीडी में पर्ची कटवाने के पश्चात मरीज की जांच कराते है। चिकित्सक जांच करने के पश्चात कुछ मरीजों की हालत गंभीर होने पर वार्ड में भर्ती कर देते है जबकि अन्य मरीजों को दवा लिखकर नियमित खाने की सलाह देकर भेज देंते। इधर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन चिकित्सकों द्वारा लिखे गए विभिन्न जांच कराने के बाद जांच रिपोर्ट के लिए जांच कक्ष का चक्कर लगाते है। ऐसे में समय पर जांच रिपोर्ट नहीं मिलने से न सिर्फ मरीज के उपचार में देरी होती है बल्कि परिजन को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मरीज सहित परिजन को राहत देने के उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल की भांति दो साल पूर्व जरूरी उपकरण विभिन्न जांच कक्ष के अलावा विभिन्न वार्ड में इंस्टॉल कराया। हैरानी की बात यह है ई सेवा के लिए उपकरण लगाए दो साल से अधिक हो गए बावजूद इसके आज तक ऑनलाइन रिपोर्ट की सुविधा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुरू नहीं हो सकी और पुराने ढर्रे ही विभिन्न जांच रिपोर्ट की व्यवस्था संचालित है जो परिजन के लिए परेशानी का सबब बन गया है। मामूली ब्लड सैंपल, यूरिन सहित अन्य जांच के लिए परिजन को मशक्कत करनी पड़ती है। जांच रिर्पोट के अभाव में चिकित्सक भी मरीज का आगे का उपचार नहीं कर पाते। ऐसे में मरीज का उपचार में देरी होती ही है साथ ही परिजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समय पर मरीज के उपचार नहीं होने से परिजन निजी संस्था में उपचार कराना बेहतर समझते है। जिस तरह से अस्पताल प्रबंधन विभिन्न वार्ड व जांच कक्ष को ऑनलाइन करने का कार्य कर रहे है वैसे मे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रबंधन की इस योजना अस्पताल में शुरू होने में काफी लंबा समय लग सकता है और ऐसा ही रहा तो महत्वपूर्ण योजना ठंडे बस्ते में जा सकती है।



दो साल पूर्व लगाए गए उपकरण का जायजा लेते पूर्व अधीक्षक।

### परिजन को मिलती राहत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑनलाइन रिपोर्ट की सुविधा उपलब्ध हो जाने से मरीज समेत परिजन को काफी राहत मिलती। मरीजों के न सिर्फ बेड पर सैंपल लेने की सुविधा उपलब्ध हो जाती बल्कि उनका रिपोर्ट पर कुछ समय पश्चात ऑनलाइन वार्ड के स्टाफ नर्स के पास उपलब्ध होती। ऐसे में ब्लड, यूरिन सहित अन्य जांच रिपोर्ट के लिए परिजन को मशक्कत करने से काफी राहत मिलती और कतार में लगने से छुटकारा मिलता।

### स्टाफ की समस्या

अस्पताल प्रबंधन द्वारा जांच कक्ष के अलावा लगभग सभी वार्ड में उपकरण लगा दी गई जिसे ऑपरेट करने के लिए स्टाफ की जरूरत है। अधिकांश वार्ड के स्टाफ नर्स भी ऑनलाइन जांच रिपोर्ट से बचने के लिए वार्ड में ऑनलाइन सुविधा नहीं चाहते। अस्पताल प्रबंधन की माने तो जांच रिपोर्ट शुरू होने के बाद अलग से रिपोर्ट निकालने के लिए स्टाफ की जरूरत पड़ेगी जो वर्तमान में नहीं है।

### प्रयास जारी है

एनएमसी से सॉफ्टवेयर की स्वीकृति नहीं मिली है जिस कारण अस्पताल में ऑनलाइन जांच रिपोर्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। जांच कक्ष से वार्ड में ऑनलाइन रिपोर्ट उपलब्ध हो इसके लिए प्रयास जारी है।

-डॉ. आरसी आर्या, अस्पताल अधीक्षक



गो वंश का पूजा करते कार्यकर्ता।

## गोवर्धन पूजा पर गौशाला में विधि-विधान से की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. शिशिरकांत पांडेय के मार्गदर्शन में गौवर्धन पूजा के अवसर पर आज गौ सेवा आयोग समिति के अध्यक्ष आशीष केशरी, जिला गौ सेवा समिति सदस्य विनोद गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, बिगन सिंह, राजकुमार दयाल, अंकित कलवार, विकासखंड स्तरीय अध्यक्षों, उपसंचालक प्रतिनिधि डॉ. अनीस सोनवानी, पशुधन विकास विभाग रामचंद्रपुर के अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. एसएस सेंगर, डॉ. एमएस मरकाम शंकरगढ़, एवं रामचंद्रपुर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत देवगई के आदर्श गौशाला एवं कल्याण संस्थान देवगई एवं श्याम श्यामा गौ सेवा समिति देवीगंज में मनोज गुप्ता, जनपद अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, जिला कृषि स्थाई सभापति बद्री यादव, जनपद उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, गौशाला संचालक आनंद चौबे, अध्यक्ष देवकुमार सिंह, बजरंग दल के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर गौशाला के गौवंश का विधि विधान से पूजन कर गुड़, चना खिलाया गया। साथ ही गौ सेवा समिति की परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में पशु चिकित्सा सह पशुधन जागृति शिविर भी लगाया गया। बैठक में गौधाम संचालन के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई। साथ ही गौशाला के पशुओं का उपचार, मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम लिक्विड औषधी तथा अन्य बीमारियों की औषधियां का वितरण कर आवश्यक टीकाकरण कार्य किया गया। साथ ही पशुधन विकास विभाग में संचालित विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## रिटायरमेंट के बाद भी कम्पनी क्वार्टर नहीं छोड़ने वाले पूर्व कोल कर्मियों को नोटिस

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन ने ड्यूटी से रिटायरमेंट के बाद भी लंबे समय से क्वार्टर को अपने कब्जे में रखकर प्रबंधन को सुपुर्द नहीं करने वाले दर्जन भर से अधिक पूर्व कोल कामगारों को नोटिस जारी कर संबंधित आवास को अविलंब खाली कर प्रबंधन को सुपर्द करने हेतु निर्देशित किया है, अन्यथा कभी भी बेदखली कार्यवाही शुरू करने की चेतावनी दी गई है,प्रबंधन के सुरक्षा अमले द्वारा पिछले दिनो जारी की गई नोटिस में संबंधित कब्जेदारो को नोटिस तामिल कराई गई है जो कब्जेदार आवास में नहीं मिले उनके घर के बाहर नोटिस चस्पा कर उसकी फोटो और वीडियोग्राफी कराई गई है,सम्पदा अधिकारी से जारी हुए नोटिसों में क्वार्टर नंबर वन बी 245 के शिव नाथ यादव,वन बी 35 के बिंदु गुप्ता, वन सी 57 जसविंदर सिंह भामरा,वन सी 35 जयंत कुमार मंडल,वन बी 11 एलपी गिरी, वन सी 86 प्रेम सिंह,वन बी 112 अशोक स्वाई,वन बी 111 नित्यानंद स्वाई,वन बी 18 प्रकाश बी,वन बी 25 के श्याम घोषाल के नाम शामिल है।



## हर विद्यार्थी तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना उद्देश्य : भारत




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस लाइन स्कूल में किया गया साईकिल का वितरण

बेटियां अगर समृद्ध होंगी तो प्रदेश में खुशहाली आएगी, प्रदेश की सरकार छात्राओं को पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम आगे बढ़ा रही है। उक्त बातें भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिसोदिया ने शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबिकापुर में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं के छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य हर विद्यार्थी तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। विद्यालय में सुविधा विस्तार और विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण हेतु प्रयास किया जाएगा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने एवं नियमित रूप से विद्यालय आने की बात कही। कार्यक्रम को एसएमडीसी अध्यक्ष रमेश जायसवाल, पार्षद विकास पांडे, निलेश सिंह, ने भी संबोधित किया। प्राचार्य श्रीमती स्नेह लता ने बताया कि इस वर्ष कक्षा नवमी के छात्राओं को 56 नग साइकिल वितरण किया जा रहा है। अतिथियों ने स्थानीय स्तर पर आयोजित विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के 130 बच्चों ने भाग लेकर 30 मॉडल बनाया था। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती कल्पना मिश्रा ने किया।



ज्ञापन सौंपते संघ के सदस्य।

## राज्य अतिथि शिक्षक संघ ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

राज्य अतिथि शिक्षक संघ ने चार सूत्री मांगों को लेकर बीरपुर में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में 2016 से कार्यरत अतिथि शिक्षक विद्या मितान व्याख्याता की स्वीकृत पदों पर नियमित व्याख्याता के समान अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन आज तक इन्हें नियमित नहीं किया गया है। संघ की मांग है कि समस्त राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षक विद्या मितान का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन समायोजन किया जाए, समान कार्य समान वेतन पद के समक्ष मूल वेतनमान प्रदान किया जाए। राज्यस्तरीय अतिथि शिक्षकों को शासकीय कर्मचारियों के समान अवकाश की पात्रता प्रदान की जाए व ग्रीष्मकालीन अवधि का नियमित मानदेय प्रदान किया जाए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि मांग को पूरा किया जाएगा और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से इस संबंध में चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में उनकी मांगों के संबंध में कार्य किया जाएगा।

संघ ने बताया कि भाजपा सरकार ने 2016 में सरगुजा और बस्तर में विद्या मितान को हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में रखा था, लेकिन आज तक इनका भविष्य सुरक्षित नहीं है। अतिथि शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन की मांग कर रहे हैं। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष राज यादव, हसनैन खान, दीपेंद्र राजवाड़े, विकास गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजू पासवान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जनपद उपाध्यक्ष ने छठ घाट का लिया जायजा

**राजपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां इस समय पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ की जा रही हैं। नगर के उत्तरवाहिनी गेउर नदी तट पर अस्थायी छठ घाटों के निर्माण और सजावट का कार्य जोरों पर चल रहा है। मंगलवार को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने छठ पूजा सेवा समिति के सदस्यों के साथ स्थल पहुंचकर घाट की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री अग्रवाल ने समिति के सक्रिय सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी वर्षों से निष्ठा और समर्पण भाव से छठ पर्व के लिए अस्थायी घाट और अन्य सुविधाएँ तैयार करते आ रहे हैं। प्रशासनिक सहयोग की कमी के कारण अब तक स्थायी छठ घाट का निर्माण नहीं हो पाया था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जल्द ही स्थायी घाट निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को हर वर्ष बेहतर सुविधा मिल सके।



## वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोरगवा निवासी महेन्द्र सिंह कोराम उर्फ दिलबोध आ. जगरनाथ (27 वर्ष) कन्या परिसर रोड निवासी राजेन्द्र के घर में काम करता था। 20 अक्टूबर को वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# प्रेमनगर विधायक ने छठ घाटों कानिरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- साफ-सफाई के दिए निर्देश, लगेंगे स्वागत द्वार


कोयलांचल समेत आसपास इलाके में सूर्यषष्ठी छठ महापर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं,छठ घाटों को सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। प्रेमनगर विधायक ने आज विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि दीपावली पर्व के बाद कोयलांचल समेत आसपास इलाके में सूर्यषष्ठी छठ महापर्व को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर के गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट व गोरखनाथपुर रेण नदी किनारे स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। यहां पर प्रेमनगर विधायक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट के तालाब के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। रात में रुकने वाले श्रद्धालुओं की आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति की जाए, अलाव की व्यवस्था की जाए, आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग व साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने गोरखनाथपुर रेण नदी किनारे स्थित छठ घाट में श्रद्धालुओं के बेहतर लाइटिंग व्यवस्था, अलाव व सभी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति कराए जाने की जिम्मेदारी नपं शिवनंदनपुर, ग्राम पंचायत गोरखनाथपुर, एसईसीएल प्रबंधन को जिम्मेदारी दी गई है।

इस दौरान सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान,इंजी. विनय सिंह, राजेश यादव,रामानंद जायसवाल, कृष्णा गोयल बल्लू, रितेश जायसवाल, भगवान मिश्रा, शंकर यादव, महेश जायसवाल, दीनानाथ सिंह, सूरज शेट्टी, अवनीश सिंह, अंकित सिंह चौहान, नपं बिश्रामपुर से अरविंद यादव व अन्य उपस्थित थे।







## बच्चों के साथ करीना-सैफ ने खास तरह से मनाई दिवाली

**मुंबई।** आम लोगों की तरह कई बॉलीवुड सेलेब्स ने खूब धूमधाम से दिवाली का त्योहार मनाया है। किसी ने बेहतरीन आउटफिट में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं तो किसी ने लोगों को शुभकामनाएं दीं। ऐसे में करीना कपूर ने अपने बच्चों के साथ खास तरह से दिवाली मनाई है। करीना अपने बच्चों और सैफ अली खान के साथ एक किड्स क्लब में पहुंचीं और सादगी से उत्सव मनाया। करीना कपूर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस को चौंका दिया। एक तस्वीर में करीना कपूर बिना मेकअप के नजर आ रही हैं। एक- दूसरी तस्वीर में सैफ रैक से कुछ उठा रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी में अदा करेंगी लीड रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यशराज फिल्म्स की 'सैयारा' में अनीत पड्डा ने लीड रोल अदा किया। इस फिल्म ने उनके कॅरियर को बुलंदी पर पहुंचा दिया है। अब उनकी एंट्री मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में हो गई है। दरअसल, मैडॉक की 'थामा' थिएटर्स में रिलीज हो गई है।

फिल्म के आखिर में मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया। फिल्म में अनीत पड्डा लीड रोल अदा करेंगी। मैडॉक फिल्म्स ने 'थामा' की स्क्रीनिंग के दौरान 'शक्ति शालिनी' का आधिकारिक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट बताई है। साथ ही साफ कर दिया कि फिल्म में सैयारा फेम अनीत पड्डा लीड रोल करेंगी। पहली फिल्म में कियारा आडवाणी यह रोल अदा करने वाली थीं। मगर, अब अनीत की झोली में यह किरदार आ गिरा है। फिल्म 'शक्ति शालिनी' अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट वीडियो में दी गई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। साझा किए गए वीडियो में 'या देवी सर्वभूतेषु' मंत्र सुनाई दे रहा है। इसके साथ स्क्रीन पर लिखा है, 'रक्षक, विध्वंसक, सभी की मां। आगे लिखा है, 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा। 'शक्ति शालिनी' में अनीत पड्डा की एंट्री पर उनके फैंस काफी खुश हैं। नेटिजन्स अनीत को बधाई दे रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, 'उम्मीद है कि यह फिल्म शानदार साबित होगी'। बात करें फिल्म 'थामा' की तो इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।




हॉलीवुड मसाला



## प्रियंका-निक ने की लक्ष्मी पूजा

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने विदेश में परिवार और दोस्तों के बीच दिवाली का त्योहार सेलिब्रेट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपराओं का ध्यान रखा। अभिनेत्री ने बिटिया मालती मैरी के साथ बाकायदा घर की सजावट की। फिर परिवार के साथ लक्ष्मी पूजन किया। इसके बाद दोस्तों और परिवार के साथ दिवाली का जश्न मनाया। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिवाली बैश की झलकियां साझा की हैं। प्रियंका चोपड़ा मालती, निक जोनस के साथ लक्ष्मी पूजन कर रही हैं।



## प्रतिभा के धनी थे डोल्डिंगर दास बूट से मिली सफलता

**लॉस एंजिल्स।** वुल्फगैंग पीटरसन की 'दास बूट' और क्लासिक फिल्म 'द नेवरएंडिंग स्टोरी' के प्रतिष्ठित साउंडट्रैक को तैयार करने के लिए जाने जाने वाले महान जर्मन सैक्सोफोनिस्ट और संगीतकार क्लॉस डोल्डिंगर का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। डोल्डिंगर को फिल्मों में सफलता पीटरसन की सबमरीन ड्रामा फिल्म 'दास बूट' से मिली, जो 1981 में रिलीज हुई थी। उनके विरल, इलेक्ट्रॉनिक-रंग वाले साउंडट्रैक ने उन्हें काफी पहचान दिलाई। सिर्फ तार, पीतल और ताल वाद्यों वाले एक न्यूनतम ऑर्केस्ट्रा समूह की पृष्ठभूमि में, संगीतकार ने शुरुआती सिंथेसाइजर का इस्तेमाल करके एक ऐसा ध्वनि परिदृश्य तैयार किया। जो सोनार स्पंदनों, इंजन ड्रोन और द्वितीय विश्व युद्ध के यू-बोट के अंदर के धातुमय वातावरण को दर्शाता है। 12 मई, 1936 को बर्लिन में जन्मे क्लॉस डोल्डिंगर ने पियानो और क्लैरिनेट की शिक्षा ली थी।



## बॉयफ्रेंड राज के साथ शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु लाखों दिलों पर राज करती आ रही हैं। हाल ही में दिवाली के अवसर पर सामांथा ने अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए। सामंथा की इस पोस्ट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी। अभिनेत्री ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन सबका ध्यान खींचा उनके कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ उनकी तस्वीर ने। सामंथा रुथ प्रभु ने इस दिवाली पर इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन उनमें से एक तस्वीर अपने कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ शेयर की है। जिससे यह साफ हो जाता है कि सामंथा ने दिवाली राज के साथ भी मनाई। सामंथा ने पोस्ट में लिखा, 'कृतज्ञता से भरी हुई।' सामंथा और राज निदिमोरु के रिश्ते की खबरें अक्सर चर्चा में रहती हैं, लेकिन दोनों ने इस बारे में कुछ नहीं कहा।



## अंग्रेजों के दौर की लाएंगे कहानी

**मुंबई।** प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच प्रभास अपनी एक और नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। बुधवार को, टीम ने टाइटल का एक टीजर पोस्टर जारी किया। माना जा रहा है कि इसका टाइटल 'फौजी' होगा। हालांकि, नए पोस्टर में प्रभास का पूरा लुक नहीं दिखाया गया है। इसमें ग्रेट ब्रिटेन का झंडा देखा जा सकता है। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है '1932 से मोस्ट वांटेड।' ऐसे में माना जा रहा है कि यह फिल्म ब्रिटिश शासन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा होगी। इसमें प्रभास संभवतः एक स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभा सकते हैं। इससे पहले एक पोस्टर जारी किया गया था जिसमें बंदूकों का ढेर लगा था। इसके ऊपर एक शख्स की परछाई थी। इसमें दिवाली की शुभकानाएं भी दी गई थीं।

टीवी मसाला



## केबीसी में पहुंचीं ठेला लगाने वाले की बेटी

**नई दिल्ली।** शो केबीसी 17 में कई प्रतियोगी आते हैं, जो अपने संघर्ष की कहानी अमिताभ बच्चन को सुनाते हैं। हालिया साझा किए गए एक प्रोमो में बिहार से संबंध रखने वाली प्रियंका कुमारी 'केबीसी 17' की हॉट सीट पर बैठीं। प्रियंका ने चाटा का ठेला लगाने वाले अपने पिता के स्ट्रगल को अमिताभ बच्चन को बताया। जिसे सुनकर अमिताभ ने प्रतियोगी के पिता की सराहना की। केबीसी 17 के प्रोमो में प्रियंका कुमारी अमिताभ बच्चन से कहती हैं, 'मैं एक स्टूडेंट हूं, सिविल सेवा की तैयारी करती हूं। मैं चाहती थी कि कुछ भी हो अपना खर्चा खुद उठा सकूं। पापा के ऊपर बोझ न बनूं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं ट्यूशन देती हूं जिससे कुछ कमाई हो सके, जिसमें मैं पापा को सपोर्ट कर सकूं।' ऑडियंस के बीच बैठे अपने पिता की तरफ इशारा करते हुए प्रियंका ने आगे कहा, 'आज मेरे साथ जो आए हैं, वो मेरे जीवन के असली हीरो हैं। मेरे पापा। वह चाट का ठेला लगाते हैं। बाकी सभी को छुट्टी मिलती है, रविवार को छुट्टी मिलती है, त्योहारों पर मिलती है, लेकिन मेरे पापा कभी छुट्टी नहीं लेते हैं। धूप हो, बारिश हो, कोई भी मौसम हो, कुछ भी हो वो हमेशा काम पर जाते हैं। और उनकी मेहनत और उनका सपोर्ट आज मुझे यहां तक लेकर आया है।' अमिताभ बच्चन ने प्रियंका कुमारी के पिता को देखकर कहा, 'बेटी के बारे में आप इतना सोच रहे हैं, ये बहुत ही गर्व की बात है।' आगे प्रियंका कुमारी के पिता ने बताया कि लोग कहते हैं कि बेटी को क्यों पढ़ा रहे हो लेकिन वह ऐसा नहीं सोचते हैं। वह कहते हैं, 'देखिए, बेटी की वजह से ही मैं आज आप जैसी महान हस्ती को साक्षात देख पा रहा हूं।'

### फरहाना के साथ तू-तड़ाक पर उतरीं मालती

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में मालती चाहर और फरहाना भट्ट किसी बात पर लड़ती दिख रही हैं। मालती ने फरहाना से कहा, हम लोग तुम्हारे ऊपर मजाक बनाते हैं कि तुम्हें कोई भी आसानी से प्रयोग कर लेता है। इसके जवाब में फरहाना कहती हैं, कौन करता है ऐसा नाम बोलो। फिर मालती ने कहा, इतने देर में तुम्हें पता नहीं चला, मुझे नाम याद नहीं रहता यहां पर कि कौन क्या बोल रहा है। इसपर फरहाना ने कहा, यही तुम्हारी दिक्कत है कि तुम्हें कोई चीज याद नहीं रहती फिर तुम अपनी कहानियां बनाती हो। इसके बाद मालती फरहाना को कई उदाहरण देते हुए कहती हैं उन्हें कोई कुछ भी बोलता है, तो वो सीधे मान लेती हैं। शो का एक और प्रोमो सामने आया है, जिसमें नेहल चुडासमा को बसीर अली के पैर पर सिर रखकर लेटा हुआ देखा जा सकता है। यह देख कुनिका ने कहा, 'इस पल को एंजाय करो दोस्तों और आगे का सोचो।




## अक्षय-ट्विंकल ने रोमांटिक अंदाज में मनाई दिवाली, कृति ने घर पर दी पार्टी

**नई दिल्ली।** दिवाली 2025 को बॉलीवुड के सितारों ने धूमधाम से सेलिब्रेट किया। किसी ने अपने प्रशंसकों से मुलाकात की, तो किसी ने परिवार संग तस्वीरें साझा कर इस त्योहार की झलक भी दिखाई है। इस कड़ी में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सोनम कपूर से लेकर कई सेलेब्स शामिल हैं।

***अक्षय-ट्विंकल ने मनाई दिवाली :*** अक्षय कुमार ने अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ दिवाली मनाई है। ट्विंकल खन्ना ने अक्षय कुमार के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अक्षय कुमार को कुछ खिला रही हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'लंदन में दिवाली। सब सज-धज कर तैयार हैं, लेकिन मिठाई नजर नहीं आ रही। अब असली मिठाई के साथ मंदिर जाएंगे। सभी को दिवाली की शुभकामनाएं। आपकी दुनिया रोशनी, प्यार और हंसी से भर जाए।'

***कार्तिक आर्यन :*** कार्तिक आर्यन ने खास अंदाज में दिवाली मनाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह एक पिल्ले को चूम रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा 'हर दिवाली को एक छोटे से आर्यन की जरूरत होती है! अब तक का सबसे अच्छा दिवाली उपहार।






***कृति सेनन :*** कृति सेनन ने अपने करीबी लोगों के साथ दिवाली मनाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है 'प्यार, रोशनी, हंसी, लोगों से घिरे रहना, सुबह तक पंजाबी संगीत पर नाचना बहुत पसंद है! क्या यह साल का सबसे अच्छा समय नहीं है?'

***रश्मिका मंदाना :*** दिवाली के मौके पर अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए रश्मिका मंदाना ने लिखा है 'दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी को हमेशा प्यार और रोशनी भेजती हूं।'

***शाहरुख ने साझा की दिवाली की तस्वीर :*** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने एक्स अकाउंट पर एक तस्वीर साझा कर दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लिखा, सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। मां लक्ष्मी जी आप सभी को समृद्धि और खुशियां प्रदान करें। सभी के लिए प्रेम, प्रकाश और शांति की कामना करता हूं।

## दीपिका ने बेटी दुआ का पहली बार दिखाया चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों पूरा देश दिवाली के उत्सव में डूबा है। कई बॉलीवुड सेलेब्स ने भी अपने-अपने हिसाब से दिवाली मनाई है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने भी खास अंदाज में दिवाली मनाई है। दोनों ने एथनिक ड्रेस में अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। साथ ही अपनी बेटी 'दुआ पादुकोण सिंह' का चेहरा दिखाया है। दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ पादुकोण के साथ इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अपनी बेटी को गोद में लिए हुए हैं। दुआ और दीपिका को रणवीर सिंह ने संभाला है। तीनों खुश लग रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा है 'दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।' इस पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। दीपिका पादुकोण की तस्वीरों को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं।



### 1970 के दशक से लेकर अभी तक हर किरदार में दर्शकों का किया मनोरंजन

## कॉमेडी के सरताज असरानी ने की इन फिल्मों में कमाल की अदाकारी

**शोले :** रमेश शिप्पी के निर्देशन में साल 1975 में 'शोले' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने जेलर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके संवाद 'हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं' अमर हो गया है। इस डायलॉग को आज की पीढ़ी भी धड़ल्ले से उपयोग करती है। दिवंगत अभिनेता ने इसे हिंदी सिनेमा के सबसे यादगार किरदारों में से एक बना दिया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

**चुपके चुपके :** ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म 'चुपके चुपके' में असरानी ने प्रशांत कुमार श्रीवास्तव की भूमिका अदा की थी। अभिनेता ने एक मजाकिया और चतुर आदमी का रोल किया था। उनके संवाद और कॉमेडी टाइमिंग ने दर्शकों को आकर्षित किया था।

**नमक हराम :** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना और रेखा अभिनीत 'नमक हराम' फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया था। इस फिल्म में असरानी ने धोंधू की भूमिका निभाई थी। 1973 में रिलीज हुई इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में असरानी के किरदार ने सभी का ध्यान खींच लिया था।

**भूल भुलैया :** प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2007 में 'भूल भुलैया' फिल्म रिलीज हुई थी। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में असरानी ने कर्मचारी मुरारी का किरदार निभाया था। अभिनेता ने इस मनोवैज्ञानिक कॉमेडी में अपनी कॉमेडी टाइमिंग से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था।







***नई दिल्ली।*** *असरानी, हिंदी सिनेमा का वो नाम थे, जिन्होंने अपनी हास्य प्रतिभा से हर पीढ़ी को गुदगुदाया। 1970 के दशक से लेकर अभी तक असरानी ने हर किरदार में दर्शकों का शानदार मनोरंजन किया। चाहे 'शोले' में जेलर की भूमिका हो या 'दे दना दन' में सुपारी किलर मामू की भूमिका हो। सभी किरदारों को उन्होंने मन से जिया। अब अभिनेता तो इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके रोल अमर हो गए हैं।*

***धमाल :*** *साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'धमाल' में असरानी ने नारी कॉन्ट्रैक्टर की भूमिका निभाई थी। इस कॉमेडी फिल्म में उन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया था। फिल्म में संजय दत्त, अरशद वारसी, जावेद जाफरी जैसे कलाकार मौजूद थे। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया था।*

***हेरा फेरी :*** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2000 में 'हेरा फेरी' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने बैंक मैनेजर की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी की अनुभवी कॉमिक टाइमिंग का फायदा मिला, उनकी सहायक भूमिका ने दर्शकों को हंसाया और कई यादगार क्षण बॉलीवुड के इतिहास में दर्ज हो गए।*

***खट्टा मीठा :*** *साल 2010 में रिलीज हुई 'खट्टा मीठा' में असरानी ने करोड़ीमल की भूमिका निभाई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, तृषा कृष्णन और राजपाल यादव जैसे कलाकार मौजूद थे।*

***दे दना दन :*** *प्रियदर्शन के निर्देशन में साल 2009 में 'दे दना दन' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में असरानी ने सुपारी किलर मामू की भूमिका निभाई थी। फिल्म में असरानी के रोल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था।*

## खबर संक्षेप



### स्वच्छाग्रहियों का पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**जशपुरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत रजत जयंती वर्ष 2025-26 के आयोजन के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छाग्राहीयों का पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता कार्य में सक्रिय रूप से संलग्न स्वच्छाग्राहीयों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता के आदतों को अपनाने और बीमारियों से बचाव के महत्व की जानकारी दी गई।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम जोरण्डाझरिया निवासी स्व.कंचन नायक का सांप के काटने से 19 जून 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता श्री भीख राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले के अधिकांश क्षेत्रों में टमाटर उत्पादन संतोषजनक



**जशपुरनगर।** उद्यान विभाग के सहायक संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर जिले में अन्य जिले की अपेक्षा अधिक वर्षा लम्बे अवधि में होने से जिले में लगे टमाटर फसल को आंशिक रूप से 10-15 प्रतिशत नुकशान हुआ है अधिक वर्षा के कारण टमाटर फसल में बैक्टिरियल ब्लाईट नामक रोग लगने से फलों में 10-15 प्रतिशत काले धब्बे बनें है। उक्त रोग के रोकथाम हेतु कृषकों को फफूंद नाशक दवाई स्ट्रेप्टोमाईसिन, कायेंडाजिम एवं मेनकोजेब का स्प्रे करने हेतु सलाह दी गई है। अब जो नये फल लगेंगे उनमें इस प्रकार की समस्या नहीं होगी। जशपुर जिले में टमाटर की गुणवत्ता एवं आपूर्ति सामान्य है, टमाटर का विक्रय स्थानीय बाजार के साथ-साथ बाहर के मंडियों में भी विक्रय किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जशपुर जिले में उत्पादित टमाटर अन्य राज्य यथा पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखण्ड एवं उड़सा भेजा जा रहा है। जिले में बाहरी टमाटर की निर्भरता नहीं के बराबर है साथ ही जिले के सब्जी व्यापारियों द्वारा प्रत्येक वर्ष जिस राज्य में टमाटर सस्ते दरों पर मिलती है (बैंगलोर आदि) वहां से मंगाकर अन्य राज्यों में जहां मांग ज्यादा रहती है की पूर्ति भी किया जाता है।

### ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कांसाबेल।** कांसाबेल के ग्रामीणों ने समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा द्वारा कांसाबेल के मंगल भवन में एक दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम 17 अक्टूबर को किया गया। जिसमें कांसाबेल पत्थलगांव ब्लाक के मुखिया साथी 75 की संख्या में 15 गांवों से भाग लिए थे। जशपुर जिले की प्रयोग समाज सेवी संस्था की समन्वयक अंबिका देवी ने कहा कि हम जनसंवाद कार्यक्रम ग्रामीणों की विभिन्न योजनाओं एवं समस्या को जैसे वनाधिकार कानून व्यवस्था आवासीय अधिकार रोड बढ़ोतरी बिजली बिल महिला अधिकार कानून पेंशन एवं अन्य मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने जनसंवाद कार्यक्रम कर रहे है। आजतक हमें सही तरीके से अधिकार नहीं मिला है हम आदिवासी वंचित है इसलिए हम अपनी समशया को शासन तक पहुंचा रहे है और मुख्यमंत्री को 12 सूत्रीय मांग को लेकर तहसीलदार कांसाबेल को ज्ञापन सौंपेंगे।

## वसुधैव कुटुंबकम की भावना से ओतप्रोत हों भाजपा के कार्यकर्ता

**सीएम विष्णुदेव ने कार्यकर्ताओं के साथ किया स्नेह मिलन**

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तो होगा आत्मनिर्भर भारत का निर्माण: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृहग्राम बगिया में दीपावली के अवसर पर कार्यकर्ताओं के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों कार्यकर्ताओं से सीएम ने संवाद कर दीपावली की बधाई दी। मुनेश्वर ने अपने सुमधुर गान से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने गाने में मोदी की गारंटी से लेकर सीएम साय के कार्यों की बखूबी सराहना की। जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने मंचीय संचालन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, रायगढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार समेत पार्टी के पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

प्रदेश संगठन के महामंत्री पवन साय ने कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह पल सौभाग्य का है जब प्रदेश के नेतृत्व की जिम्मेदारी कुनकुरी विधानसभा के विधायक विष्णुदेव साय को मिली है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम को सम्मान देना संगठन का कार्य है इसके बावजूद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं कार्यकर्ताओं का सम्मान कर रहे हैं यह गर्व का विषय है। कार्यकर्ताओं का संघर्ष सतत चलता रहता है उन्हें पूर्ण आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना है और संगठन का कार्य करते रहना है। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता के उत्कृष्ट कार्यों को याद करते हुए उन्हें संगठन में श्रेष्ठ कार्य के लिए साधुवाद दिया। कालरात्रि, महाशिवरात्रि के बाद दीपावली की बेला में सुखरात्रि आती है जो जीवन में शांति सुख व समृद्धि लेकर आती है।भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता का लक्ष्य स्वयं के सुख की कामना का नहीं होना चाहिए। समाज के सुख की कामना के साथ उन्हें लक्ष्य की ओर अग्रसर होना चाहिए। समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति को हम समर्थ सशक्त बनाएं इस दिशा में हमारा प्रयास होना चाहिए।पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मवाद, भारत दर्शन के सिद्धांत की व्याख्या करते हुए उन्होंने वैचारिक क्रांति की बात कही।भाजपा के कार्यकर्ताओं को राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति के जज्बे के साथ जन जन में वैचारिक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए।दीपोत्सव के इस पावन पर्व पर हम सभी को विचार क्रांति का संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। ये रहे उपस्थित- उक्त कार्यक्रम में कुनकुरी मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, उमेश यादव, दिलीप साहू, मुक्तेश्वर साय, सरोजनी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, ममता कश्यप, उपेंद्र यादव, मुनेश्वर केशर, अनूप बड़ाईक, मलिता बाई, ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह, कपिलदेव साय, मनीष अग्रवाल, कपिलेश्वर सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री साय ने कार्यकर्ताओं के साथ स्नेह भोज कर उनका उत्साहवर्धन किया।





कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री एवं उपस्थित नागरिक।

### भारत आज विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृहग्राम बगिया में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छत्तीसगढ़ के खुशहाली की कामना करते हुए श्री साय ने बताया कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है।केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार है अधिकांश प्रदेशों में नेतृत्व भाजपा के पास है जो इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता को संगठन पर पूर्ण विश्वास है।भाजपा की कथनी और करनी एक है जिसके कारण आज संगठन सतत देश को समृद्ध और खुशहाल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत का नया लक्ष्य भारत देश को समृद्धि की ओर लेकर जाने वाला है।इस दिशा में गांव के हर अंतिम व्यक्ति को हम समृद्ध आत्मनिर्भर बना सकें ऐसा कार्य हर कार्यकर्ता को करना होगा। बाईस महीनों के कार्यकाल में बस्तर से नक्सलवाद का खात्मा करने का लक्ष्य पूरा होने जा रहा है जिसके लिए केंद्रीय संगठन का सतत सहयोग मिल रहा है। श्री साय ने कहा कि विकास कार्यों के लिए वे सतत कार्यरत हैं। दो हजार एक सौ सोलह करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्य पिछले 22 महीनों में स्वीकृत हुए हैं जिसके पूर्ण होने के बाद क्षेत्र का विकास जमीन पर दिखने लगेगा।उन्होंने छत्तीसगढ़ के साथ जशपुरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

# तंत्र-मंत्र के शक में महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम जामुन जोबला में एक युवक ने तंत्र-मंत्र के शक में अपनी ही रिश्ते की फूआ की टांगी से निर्मम हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आरोपी को शक था कि उसकी फूआ तंत्र-मंत्र कर उसके बच्चों को बीमार कर रही है। थाना बगीचा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जामुन जोबला निवासी पंकज पहाड़ी (45 वर्ष) ने 21 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नी सुखाड़ी पहाड़ी (40 वर्ष) के साथ गांव के ही एक व्यक्ति के घर हंडिया पीने गया था। शाम करीब पांच बजकर तीस मिनट पर जब दोनों घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में सुखाड़ी पहाड़ी पेशाब करने के लिए रुकी हुई थी। इसी दौरान प्रार्थी का रिश्ते का भतीजा मुकेश पहाड़ी (22 वर्ष), जो कि पीछे से उनका पीछा कर रहा था, हाथ में टांगी लेकर पहुंचा और अचानक फूआ सुखाड़ी पहाड़ी के गले पर वार कर दिया। वार इतना गहरा था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जब पंकज पहाड़ी ने रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर भी टांगी से वार किया, जिससे उसके पैर के घुटने में चोट आई। डर के मारे पंकज वहां से भाग गया और कुछ देर बाद जब आरोपी वहां से चला गया तब वह वापस लौटा तो देखा कि उसकी पत्नी मृत अवस्था में पड़ी है और उसके गले से खून बह रहा था। उसने तत्काल थाना बगीचा पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) व धारा 109 (प्रयास व सह-अपराध) के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले की संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक गौरव कुमार पांडे, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सिंह, आरक्षक फुलजेंस टोप्पो व नगर सैनिक बलिराम रवि की सराहनीय भूमिका रही। जांच में सामने आया कि आरोपी मुकेश पहाड़ी और मृतिका सुखाड़ी पहाड़ी के परिवार के बीच खेती की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। करीब पांच माह पहले भी दोनों पक्षों में इसी विवाद को लेकर झगड़ा और मारपीट हो चुकी थी। हाल के दिनों में आरोपी के बच्चों की तबीयत लगातार खराब रहती थी, जिस पर मुकेश को शक था कि उसकी फूआ ही तंत्र-मंत्र कर उसके परिवार को नुकसान पहुंचा रही है। इसी शक के चलते वह मानसिक रूप से क्षुब्ध था और उसने हत्या की योजना बना ली थी।

- खेती की जमीन और तंत्र-मंत्र को लेकर चल रहा था विवाद

### घटना के बाद फरार हुआ आरोपी

घटना के बाद आरोपी मुकेश पहाड़ी मौके से फरार हो गया। हत्या जैसे गंभीर अपराध को देखते हुए थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक गौरव कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टर की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु का कारण गले पर टांगी के गहरे वार से अत्यधिक रक्तस्राव होना बताया गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और देर रात सूचना मिली कि मुकेश पहाड़ी ग्राम के ही एक घर में छिपा हुआ है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी ने अपराध कबूला

पूछताछ में आरोपी मुकेश पहाड़ी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह लंबे समय से अपने फूफा-फूआ से नाराज था। खेती की जमीन और तंत्र-मंत्र के शक ने उसे इतना विचलित कर दिया कि उसने हत्या की ठान ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी तथा घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़े भी जब्त कर लिए हैं।

# छत्तीसगढ़ी बोली से विद्यार्थी हो रहे लाभान्वित : प्रियंका

**कटेली।** शाप्रा शाला दहिदा में पदस्थ प्रधान पाठक राज्यपाल पुरस्कृत प्रियंका गोस्वामी द्वारा तीन वर्ष से अथक प्रयास करके स्कूल प्रोजेक्ट बनाया, जिसका शीर्षक छत्तीसगढ़ी बोली है। प्रियंका द्वारा इस प्रोजेक्ट को शिक्षा सत्र 2023 - 24 में आरम्भ किया।

प्रोजेक्ट की मुख्य विशेषता छत्तीसगढ़ी बोली के माध्यम से शिक्षा को सरल और रुचिकर बनाना है, इस प्रोजेक्ट ने विद्यार्थियों की दशा दिशा दोनों बदली है। यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप है, परियोजना आधारित शिक्षा से विद्यार्थी में उन्नत आलोचनात्मक सोच, बेहतर सहयोग, वास्तविक दुनिया के कौशल, व्यक्तिगत शिक्षण ज्ञान धारण करने की क्षमता में वृद्धि होती है। इस प्रोजेक्ट में प्रियंका गोस्वामी ने छात्र हितों को ध्यान में रखा है, उनका कहना है, कि ग्रामीण अंचल केविद्यार्थी अभिव्यक्ति संबंधी समस्या से जूझते हैं, स्थानीय बोली छत्तीसगढ़ी में शिक्षा से जल्दी सीखते हैं व उनकी अभिव्यक्ति क्षमता में निखार आता है, इसलिए छत्तीसगढ़ी बोली में सिखाने से विद्यार्थी शीघ्र ग्रहण करते हैं। विद्यार्थी हितैषी इस प्रोजेक्ट के लिए विशेष रूप से डीईओ जेआर. डहरिया ने प्रियंका गोस्वामी को बधाई प्रेषित की है साथ ही शिक्षक अभिषेक पुरी गोस्वामी, संजय कुमार मिश्रा, अशोक कुमार खरे, असरिता टोप्पो, खेमराज पटेल ने गोस्वामी को शुभकामनाएं दी हैं।



# भविष्य निर्माण में शिक्षा अहम भूमिका

**रायगढ़।** अपने परियोजना क्षेत्रों के आसपास के गाँवों में एनटीपीसी लारा केवल बुनियादी ढाँचे का निर्माण ही नहीं कर रहा है। बल्कि भविष्य का निर्माण भी कर रहा है। शिक्षा के प्रति एक स्पष्ट संरचित और समग्र दृष्टिकोण के साथ कंपनी ने बच्चों की शैक्षणिक, व्यक्तिगत और सामाजिक ज़रूरतों को शुरू से ही पूरा करके उनके जीवन को बदलने के मिशन की शुरुआत की है।

वर्षों से सरकारी स्कूलों में कई बच्चे न्यूनतम संसाधनों के साथ जर्जर इमारतों में पढ़ते रहे हैं। लेकिन बदलाव स्कूल परिसरों के नवीनीकरण के रूप में आया और जल्द ही, इससे भी बड़ी चीज़ का वादा हुआ। नालंदा परिसर एक अत्याधुनिक पुस्तकालय और शिक्षण केंद्र, जो एनटीपीसी लारा और रायगढ़ नगर निगम के बीच 42.56 करोड़ की साझेदारी से बना है। यहाँ, ग्रामीण छात्र एक दिन देश के सर्वश्रेष्ठ छात्रों के बराबर किताबों, विचारों और सपनों की खोज करेंगे। शिक्षा केवल स्कूल जाने के बारे में नहीं है।



यह सीखने के माध्यम से आगे बढ़ने के बारे में है। इसी विश्वास के साथ एनटीपीसी लारा ने फ्यूचर 40 कार्यक्रम शुरू किया। जहाँ कर्मचारी कक्षा 8 के छात्रों के लिए मार्गदर्शक बनते हैं, और उन्हें विज्ञान, गणित और अंग्रेजी की बुनियादी बातों को समझने में मदद करते हैं। सीखने की कमियों को दूर करके, यह पहल शैक्षणिक सफलता की नींव रखती है। एनटीपीसी लारा के सबसे प्रभावशाली प्रयासों में से एक है बालिका सशक्तिकरण मिशन जीईएम एक आवासीय शिविर जो युवा लड़कियों को सीखने, आगे बढ़ने और नेतृत्व करने के लिए एक साथ लाता है। योग, रचनात्मकता, आत्मरक्षा और सौंदर्य सत्रों के माध्यम से यह कार्यक्रम प्रत्येक प्रतिभागी में आत्म सम्मान, आत्मविश्वास और शक्ति का संचार करता है।

# महिला कृषकों को जैविक खेती कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में 140 ग्रामों के चुनिन्दा महिला कृषकों को बीते दिनांक को मंगलभवन में कृषि विकास अधिकारी आर.के पटेल के अगुवाई एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में एक कार्यशाला आयोजित हुआ।

जानकारी के मुताबिक उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती को अमल में लाने के साथ ही जैविक कीटनाशक कैसे निर्माण करें इस पर आधारित था। जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित पशुपालन विभाग से डा. सिदार, जनपद सदस्य मुक्तेश्वर पंडा, खितेश्वर सिदार, बलराम सिदार, पूर्व कृषि विस्तार अधिकारी आर.एन साहू, मण्डल अध्यक्ष संदीप पंडा सहित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इस संबंध में प्रकाश डाला गया। जिसका मूलमंत्र था कि कैसे खेतों में कीटनाशक का उपयोग कम हो और पैदावार भी ठीक हो। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर के पटेल ने बताया कि ज्यादातर किसान गर्मी के दिनों में धान फसल लगाते हैं जिसमें खेतों की उर्वरा शक्ति कम होती है ऐसे में कम पानी और कम लागत राशि में अन्य फसल कैसे लिया जा सके इस पर विस्तृत जानकारी दी। इन्होंने बताया कि इसी तरह प्रत्येक आरईओ क्षेत्र में प्रशिक्षण होगा और ब्लाक के इसमें लगभग 1500 महिला कृषक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे इसके पश्चात पुरूष कृषकों का इसी तरह प्रशिक्षण आयोजन होगा।

# पवनी में बंपर लकी ड्रा का आयोजन

**बिलाईगढ़।** लक्ष्मी कलेक्शन मेन्स वियर व लक्ष्मी मेडकिल पवनी बिलाईगढ़ के द्वारा 22 अक्टूबर को बम्फर लक्की ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नगर अध्यक्ष कुलदीपक साहू, मुख्य अतिथि व रासमकृष्ण साहू पार्षद विशिष्ट अतिथि के हाथों से दीपप्रज्वलित कर किया। लक्ष्मी मेन्स वियर के मालिक भाई नितेश देवांगन ने इस कार्यक्रम में नव रत्नों को चुन चुन कर स्थान दिए।

कार्यक्रम का संचालन कवि व सिंगर विनोद डडसेना द्वारा बम्फर लक्की ड्रा को गीत व काव्य पाठ के बीच बीच में कराकर लोगों में रोचकता, उत्साह मन्त्र मुग्ध कर दिए। कवियों ने हंसी के फब्बारे छोड़ दिए और सिंगर्स ने तो दिल के तार छेड़ दिए। छतीसगढ़ी गीतों ने तो लोगो को झूमने को मजबूर कर दिए। इस तरह लक्ष्मी कलेक्शन द्वारा आयोजित बम्फर लक्की ड्रा कार्यक्रमों को कलाकारों ने सुरमई शाम के साथ यादगार पल बना दिए। बम्फर लक्की ड्रा के भाग्यशाली विजेता रहे 1 गोविंद साहू पवनी प्रथम ईनाम, 2 हेमचरण देवांगन बिलाईगढ़ द्वितीय ईनाम, 3 रामकृष्ण देवांगन करनौद, तृतीय 4 विनोद डडसेना बिलाईगढ़ चतुर्थ ईनाम, 5 अविनाश मल्दी पाँचवा ईनाम। इस कार्यक्रम में लक्ष्मी मेन्स वियर के मालिक भाई नितेश देवांगन के पूरे परिवार उनके पिता रमेश देवांगन, भाई कमलेश देवांगन सहित सभी परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## दीदियों को दी गई पोषण स्वच्छता की जानकारी

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु स्वरोजगार, उद्यमिता एवं समूह-आधारित आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे है और शासन की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शत कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर विगत दिवस कलस्टर संगठन एवं ग्राम संगठन के संयुक्त तत्वावधान में जनपद पंचायत दुलदुला के ग्राम पंचायत पतराटोली के नारी शक्ति ग्राम संगठन में समूह के दीदियों को पोषण, स्वच्छता, लैगिंग उत्पीड़न के संबंध में जानकारी दी गई और जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस दौरान स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आजीविका आधारित गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की गई।



## दो किसानों को ट्रैक्टर व तीन समूह की महिलाओं को जाल का वितरण

# मनोरा विकासखंड में लगा जैविक महिला किसान मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मनोरा विकासखंड में जैविक खेती मिशन योजनांतर्गत रजत जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रायमुनी भगत, सालिक साय जिला पंचायत अध्यक्ष, शांति भगत जिला पंचायत सदस्य थे।

प्रभाकर यादव मंडल अध्यक्ष, श्यामलाल भगत, सुषमा सिंह, जनपद सदस्य शोषण टोप्पो, जनपद पंचायत सीईओ रघुनाथ राम मनोरा और भारी संख्या में ग्रामीण और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा की कृषि हमारा आधार है और जैविक खेती ही इसका भविष्य है। हम सभी को पारंपरिक खेती पद्धतियों के साथ आधुनिक तकनीकों को जोड़ना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी स्वस्थ भूमि और फसलें पा सकें। उन्होंने किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और समूहगत खेती अपनाने का आह्वान किया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नवीन तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दी। मत्स्य विभाग अधिकारी जेके पैंकरा ने मत्स्य पालन व्यवसाय के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि व्यवसाय को शुरू करने के लिए, आपको एक उपयुक्त स्थान का चयन करना, टैंक या तालाब बनाना और मछली की उपयुक्त प्रजाति चुनकर उचित पोषण और देखभाल प्रदान करना होगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो आय बढ़ाने और पोषण प्रदान करने में मदद करता है। कृषि अधिकारी एमआर भगत, अनुविभागीय कृषि अधिकारी कवच भगत ने कृषि उपकरणों पर अनुदान और आधुनिक खेती तकनीकों पर जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मिट्टी परीक्षण, बीजोपचार प्रक्रिया, बीज उत्पादन कार्यक्रम और फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण के व्यावहारिक उपाय समझाए। कार्यक्रम में किसानों को यह भी बताया गया कि जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ उत्पादन के लिए भी आवश्यक है। कृष्णा मोहन के द्वारा साई सदन फूडस रायपुर, के द्वारा मिलेट्स की किसानों को जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान डुमरबहार केंद्र से कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा जैविक खेती प्राकृतिक खेती के बारे प्रशिक्षण दिया गया। मछली विभाग के द्वारा तीन समूह की महिलाओं को आइस बॉक्स जाल दिया गया। उद्यानिकी विभाग के द्वारा दो किसानों को ट्रैक्टर वितरण किया। पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रेशम विभाग, महिला बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, और मत्स्य विभाग के सभी अपनी अपनी स्टॉल लगा कर महिला किसानों को जानकारी दी गई। इस दौरान उपसंचालक कृषि विभाग एमआर भगत, अनुविभागीय कृषि अधिकारी कवच भगत, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी मनोरा गोविंद राम चौहान, समस्त मनोरा के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।



